# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 183/2021

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 25.10.2021 तक की अवधि में ऑनलाइन त्रुटि संशोधन करने/कराने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन भरे गये पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in पर दिनांक 25.10.2021 तक त्रुटि सुधार हेतु अपलोड रहेगा।**

**2.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट **biharboardonline.bihar.gov.in** पर अपलोड किया गया है। विद्यालय प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाइट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से हस्तगत् करा देंगे एवं Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी का मिलान करने तथा Dummy Admit Card में परिलक्षित त्रुटि को निर्धारित अवधि तक सुधार कराने हेतु छात्रों को निदेशित करेंगे।

**3.** यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर Dummy Admit Card जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message भेजा जा रहा है।

**4.** समिति के उक्त वेबसाइट पर जारी Dummy Admit Card विद्यालय प्रधान द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ <u>विद्यालय के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया</u> :–

संबंधित विद्यालय के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **biharboardonline.bihar.gov.in पर बायें तरफ उपलब्ध लिंक** "Examination Application Form For Exam, 2022" ➡Click here to proceed ➡Click here to apply/view **पर Click कर Login करेंगे।** लॉग–इन के उपरान्त अपने विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

**5. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि अपने विद्यालय प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरण का भली–भाँति मिलान करेंगे। <u>Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, कोटि, लिंग, विषय, जन्म तिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने विद्यालय प्रधान को ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे</u> और उसकी दूसरी प्रति विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित विद्यालय के प्रधान ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाइन त्रुटि सुधार <u>दिनांक 25.10.2021 तक</u> की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय। उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु विद्यालय प्रधान को Dummy Admit Card उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा विद्यालय प्रधान द्वारा ऑनलाइन त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय प्रधान तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी।**

**6.** कतिपय विद्यालय के प्रधान द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले कई छात्र/छात्रा का पंजीयन अथवा परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में बकाया शुल्क **दिनांक 04.10.2021** तक जमा नहीं किया गया है, उसकी सूची समिति के **वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in** पर अपलोड है।

**7.** वैसे विद्यालय के प्रधान जिनके द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले जिन छात्र/छात्रा का ऑनलाइन पंजीयन/परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में बकाया शुल्क जमा नहीं किया गया है, उन्हें शुल्क जमा करने हेतु <u>**दिनांक 25.10.2021**</u> तक अवसर प्रदान किया जाता है। इसके लिए समिति का पोर्टल खुला रहेगा। उक्त तिथि तक जिन छात्र/छात्रा का शुल्क जमा नहीं रहेगा, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। इस कारण से यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही उन विद्यालय प्रधान की होगी।

**8.** विद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉग–इन कर कितने परीक्षार्थियों का कितना राशि जमा नहीं किया गया है, समिति के **वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in** पर देख सकते हैं।

**9. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि दृष्टिबाधित छात्र/छात्रा नियमानुसार गणित विषय के बदले गृह विज्ञान एवं विज्ञान विषय के बदले संगीत विषय की परीक्षा में सम्मिलित होते है। यदि किसी दृष्टिबाधित (Visually Impaired) छात्र/छात्रा के Dummy Admit Card में विज्ञान एवं गणित विषय अंकित हो, तो वे तद्नुसार विषय सुधार करते हुए अपने हस्ताक्षर के साथ विद्यालय प्रधान को अनिवार्य रूप से हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार किसी सामान्य छात्र/छात्रा के Dummy Admit Card में दृष्टिबाधित छात्रों के अनुरूप विज्ञान के स्थान पर संगीत एवं गणित के स्थान पर गृह विज्ञान हो, तो इसे भी अनिवार्य रूप से सुधार करना सुनिश्चित करेंगे।**

**10.** विदित हो कि सरकार के द्वारा कोविड–19 के संक्रमण से बचाव के लिए सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन एवं सभी आवश्यक ऐहतियाती कार्रवाई का विस्तृत निदेश निर्गत है। इस परिदृश्य में वर्णित कार्य के निर्वहन के लिए विद्यालयों में पर्याप्त दूरी पर अलग–अलग काउन्टर लगाकर छात्र/छात्राओं को डाउनलोडेड Dummy Admit Card हस्तगत् कराया जायेगा एवं इसमें परिलक्षित त्रुटियों को सुधार हेतु समर्पित अनुरोध प्राप्त कर ऑनलाइन सुधार किया जायेगा। सभी विद्यालय प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि इस कार्य में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी एवं सभी छात्र/छात्रा द्वारा अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर सोशल डिस्टेन्सिंग का कठोरतापूर्वक पालन किया जा रहा है।

**11.** Dummy Admit Card को ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाइन नं0–0612–2232074, 2232257, 2232239, 2230051, 2232227 पर** सम्पर्क किया जा सकता है अथवा **E-mail ID : bsebsehelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर किसी भी समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**

Size : ( H-23 x W-10)